Victorian. And proud of it.

विक्टोरियन। और विक्टोरियन होने पर गर्व है।

हमारा तरीका

सामाजिक एकता का हमारा अभियान *“विक्टोरियन। और विक्टोरियन होने पर गर्व है।”* उन मान्यताओं की पुष्टि करता है जो हमारे समाज को एकजुट बनाए रखती हैं – हमारी सांझी मान्यताएँ।

इसमें उन वास्तविक विक्टोरियाई लोगों की कहानियाँ शामिल हैं जो हर रोज़ इन मान्यताओं का अनुपालन करते हैं।

यह दर्शाता है कि जब इन मान्यताओं को सांझा नहीं किया जाता है, तो हमारे राज्य की एकता अव्यवस्थित हो जाती है। और इससे यह साबित होता है कि विक्टोरिया सिर्फ़ एक स्थान ही नहीं है जहाँ हम निवास करते हैं।

यह इसके अलावा बहुत कुछ और भी है – एक ऐसा स्थान, जिसमें आप योगदान देकर और अपनापन महसूस करके, बहुत विशेष राज्य का भाग बनते हैं।

विक्टोरियन मान्यताओं का वक्तव्य

विक्टोरिया की मान्यताएँ

विक्टोरियन सरकार की बहुसांस्कृतिक नीति के वक्तव्य का आधार विक्टोरियन मान्यताओं का वक्तव्य है, सांझी मान्यताओं का एक समूह जो इस बात की पुष्टि करता है कि हमें खुद से क्या उम्मीद है और प्रत्येक विक्टोरियाई लोग एक दूसरे से क्या उम्मीद करते हैं।

इन मान्यताओं के साथ समझौता नहीं किया जा सकता है।

घर पर, काम पर, स्वयंसेवी काम करते हुए या समुदाय में, ये मान्यताएँ विक्टोरिया को रहने का एक उत्कृष्ट स्थान बनाती हैं – एक ऐसा स्थान जिसपर हम सभी गर्व महसूस कर सकें।

विक्टोरियन सरकार की बहुसांस्कृतिक नीति के वक्तव्य का आधार विक्टोरियन मान्यताओं का वक्तव्य है, सांझी मान्यताओं का एक समूह जो इस बात की पुष्टि करता है कि हमें खुद से क्या उम्मीद है और प्रत्येक विक्टोरियाई लोग एक दूसरे से क्या उम्मीद करते हैं।

VICTORIA

1. सभी के लिए एक कानून

कानून के तहत सभी विक्टोरियाई लोगों के समान उत्तरदायित्व, अधिकार और संरक्षण हैं।

2. भेदभाव को कभी भी स्वीकार नहीं किया जाता है।

समावेश तथा सहभागिता का प्रसार करना और बहिष्कार, जातिवाद तथा हर प्रकार की हिंसा को अस्वीकार करना हर किसी की जिम्मेदारी है।

3. अपनी पहचान बनाए रखने की स्वतंत्रता

सभी को अपनी पहचान बनाए रखने और अपनी पहचान पर अटल रहने पर सुरक्षित महसूस करने की स्वतंत्रता है।

4. सभी के लिए समान अवसर

प्रत्येक विक्टोरियन को वह सहायता मिलनी चाहिए जिसकी उन्हें विक्टोरियन जीवन-शैली का आनन्द उठाने के लिए ज़रूरत है।

5. यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि विक्टोरिया को ऐसा बनाने में योगदान दें जिसपर हम गर्व महसूस कर सकें

हम सभी की ज़रूरतें एक जैसी हैं – उन्नति करने के अवसर होना, हमारी सफलता को पहचान दिए जाना, और यह कि हमारे परिवार व प्रियजन सुरक्षित, महफ़ूज व प्रसन्न महसूस करें।

नीति के प्रस्ताव

जैसे विक्टोरियन मान्यताओं का वक्तव्य हम सभी द्वारा सांझे किए जाने वाले अधिकारों और उत्तरदायित्वों को स्पष्ट करता है, वैसे ही विक्टोरिया को निष्पक्ष और सुसंगत राज्य बनाने की सरकार की भी भूमिका है।

नीति में अलग-अलग प्रस्ताव शामिल हैं जिन्हें सभी विक्टोरियाई लोगों को योगदान देने और अपनापन महसूस करने के लिए बढ़ावा देने हेतु तैयार किया गया है।

- नए आने वाले लोगों को **अंग्रेज़ी सीखने और नौकरी ढूँढने** में मदद देने के लिए $15 मिलियन
- $4 मिलियन का **मल्टीकल्चरल स्पोर्ट्स फंड**, ताकि प्रत्येक विक्टोरियाई को खेलकूद का समर्थन करने वाले हमारे राज्य में भाग लेने का अवसर मिल सके।
- यह सुनिश्चित करने के लिए एक शिक्षा कार्यक्रम कि सभी विक्टोरियाई लोग कानून के अधीन अपने **अधिकारों और उत्तरदायित्वों** से अवगत हैं।
- **डिजीटल साक्षरता और नागरिकता संबंधी प्रस्ताव** ताकि यदि युवा लोगों के साथ ऑनलाइन हेराफेरी की जा रही हो या उन्हें ऑनलाइन डराया-धमकाया जा रहा हो, तो उन्हें इसका पता लगाने में मदद मिल सके।
- **वाद-विवाद करने का अधिकार** ताकि दीवानी (सिविल) वाद-विवाद का प्रसार किया जा सके।
- **स्मार्ट तरीके से नौकरियों पर भर्तियाँ** ताकि कार्यक्षेत्र में अनजान तरीके से होने वाले पक्षपात को कम किया जा सके और इसकी रोकथाम की जा सके।

गौरव महसूस करने वाले विक्टोरियाई लोगों से मिलें और उनकी कहानी सांझी करें

proud.vic.gov.au में आम विक्टोरियाई लोगों द्वारा योगदान देने और अपनापन महसूस करने से जुड़ी कहानियाँ शामिल हैं।

www.proud.vic.gov.au पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

Learn more proud.vic.gov.au
/vicandproudofit

VICTORIA